Exploration of Hydrocarbons in Mahanadi basin

1262. SHRI SARDA MOHANTY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether steps are being taken to explore hydrocarbons in the Mahanadi basin;

(b) if so, the extent of hydrocarbon deposits discovered in that basin;

(c) whether oil exploration has also been made in the Mahanadi basin; and

(d) if so, the details of the discovery made?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Steps are presently being taken by OIL for resumption of exploration for hydrocarbons in the North East Coast offshore off Mahanadi basin.

(b) to (d) OIL had drilled a total of 15 wells in the Mahanadi basin including the North East offshore. However, no commercial hydrocarbons discovery has been made so far.

Import of Petroleum products

1263. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the countries from which crude oil, LPG and other petroleum products are being imported at present;

(b) the year since when these items are being imported; and

(c) what are the details of the import bills paid during the last three years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) The import of crude oil and petroleum products is done both under term contracts with the National Oil Companies of Saudi Arabia, Iran, UAE, Malaysia, Kuwait, Bahrain, Yemen etc. and also through spot purchases. Spot purchases are not always relatable to specific countries.

(b) Import of crude oil and petroleum products from various countries is in vogue for many years?

(c) The details of oil import bill for the last 3 years are as under:—

Year	(Rs./Srores) Oil Import Bill
1991-92*	13038
1992-93*	17045
1993-94*	17730

*Provisional

आयात बिल में वृद्धि

1264. **श्री वीरेन जे० शाह :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या पट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वर्ष के दौरान तेल आयात के बिल में पिछले कुछ वर्षों की तुलना में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार को आयात के बिल की राशि में बढ़ोत्तरी होने के कारणों की जानकारी है ;

(घ) यदि हां, तो क्या यह बढ़ोत्तरी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़ जाने के कारण हुई है ;

(ङ) यदि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत का बढ़ जाना इसका प्रमुख कारण है, तो क्या सरकार यह बढ़ी हुई राशि तेल और अन्य उत्पादों की कीमत बढ़ाकर उपभोक्ताओं से प्राप्त करेगी; और

(च) यदि हां, तो क्या सरकार ने गत वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत कम होने पर देश में तेल और इसके अन्य उत्पादों की कीमतों में कमी की थी ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (घ) 1994-95 के लिए तेल आयात बिल में वृद्धि/कमी अनेक घटकों पर आधारित होती है जैसे देशी उत्पादन की मात्रा विभिन्न रिफाइनरी विस्तार परियोजनाओं को पूरा करना, क्रूड और पेट्रोलियम उत्पादों की प्रचलित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत, डालर की विद्यमान विनिमय साम्य आदि ।

गत तीन वर्षों के तेल आयात बिल निम्नानुसार है :—

वर्ष	(करोड़ रुपए)
1991-92*	13038
1992-93*	17045
1993-94*	17730

*अनंतिम

(ङ) फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(च) पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में परिवर्तन केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमत पर आधारित नहीं है बल्कि अन्य घटकों जैसे घरेलू उत्पादन की प्रकृति इसकी लागत, और आयातित/निर्यात में परिवर्तन आदि पर भी निर्भर करते हैं ।

रसोई गैस (एलपीजी) पर दी जाने वाली राज सहायता की राशि में वृद्धि

1265. **श्री वीरेन जे. शाह :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र में संचालित तेल कंपनियों को चालू वर्ष के दौरान 20 लाख नये रसोई गैस उपभोक्ताओं के नाम पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं जिससे उन्हें नये कनेक्शन दिए जा सकें ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सरकार ने कुछ दिन पहले एलपीजी क्षेत्र में निजी क्षेत्र को कार्य करने की अनुमति दी थी ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच नहीं है कि नये कनेक्शन जारी करने के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली राज-सहायता की राशि में वृद्धि होगी ;

(घ) यदि हां, तो इस राशि में 20 लाख कनेक्शन जारी होने के बाद कितनी वृद्धि हो जाने का अनुमान है और क्या सरकार इस राजसहायता को समाप्त करने या कम करने के लिए गैस सिलिंडरों के वर्तमान मूल्य में और वृद्धि करेगी; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस राजसहायता की राशि के कारण होने वाली हानि को क्षतिपूर्ति करने के लिए क्या योजना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) से (ङ) एलपीजी के वर्तमान मूल्यों पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन दिए जाने के परिणामस्वरूप राजसहायता में वृद्धि हो सकती है ।

तेल क्षेत्र में विदेशी पूंजी निवेश

1266 **श्री राम गोपाल यादव : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विदेशी कम्पनियों को तेल के क्षेत्र में पूंजी निवेश करने की अनुमति दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक उन कंपनियों ने कुल कितनी धनराशि का निवेश किया है ?